आईआईएमः स्टार्टअप की सफलता के गुर बताए गए

वेबिनार

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची के अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस, की ओर से टिकाऊ कारोबार करना झारखंड की कहानियां, विषय पर वेबिनार का आयोजन किया।

बतौर वक्ता टोवासो के संस्थापक सौरभ कुमार ने कहा कि एक स्टार्टअप की सफलता के लिए तीन चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहला अवसर, दूसरा जुनून और तीसरा कौशल। एक्वाटिक लाइवलीहुड जलजीविका के संस्थापक नीलकंठ मिश्रा ने कहा कि पानी में फसल की कई किस्में उगाई जा सकती हैं। पानी में एक्वा फसलें उगाने से भूमि पर कम दबाव डालते हुए खाद्य सुरक्षा की पूर्ति होगी।

शिखा जैन ने उद्यम नींव के बारे में बात की। कहा यह ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का एक सम्मानजनक साधन प्रदान करता है। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने झारखंड और आईआईएम रांची में उद्यमशीलता गतिविधियों पर ध्यान देने के साथ केंद्र के दृष्टिकोण पर बात की।

Hindustan, Pg. 09, 26.09.2021